श्री बंशीधर नगर बुधवार
01.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वितीया संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 308

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:07 बजे
अस्त - 06:46 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 27 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

मतदाता सूची का शुद्ध होना आवश्यक : विनोद >> पेज 03 'भाई तेरा स्टार है' का पहला पोस्टर >> पेज 05

**सुविचार**

हर दिन का मूल्यांकन उस फसल से न करें जो आप काटते हैं, बल्कि उस बीज से करें जो आप बोते हैं।

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड दौरे पर कल रांची आएंगे के राजू

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सीडब्ल्यूसी के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के राजू राज्यड दौरे को लेकर 02 जुलाई को रांची पहुंचेंगे। के राजू 06 जुलाई तक राज्य भर में पार्टी का संगठनात्मक दौरा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि के राजू रांची, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और हजारीबाग जिलों का दौरा करेंगे। वे पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस पदाधिकारियों, जीपीसीसी सदस्यों, प्रखंड कांग्रेस कमेटियों और जिला कांग्रेस कमेटियों के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी राजनीतिक तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। साथ ही विभिन्न गांवों का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं और आम जनता से बातचीत भी करेंगे। सिन्हा ने बताया कि 05 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, में एसआईआर समिति के सदस्यों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों और विभिन्न मोर्चा एवं विभागों के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित होगी।

**खनिज** ▶ **सोनभद्र में एल्युमिनियम सिलिकेट, यूपी-झारखंड सीमा पर हैं छह ब्लॉक**

# नगर-उंटारी में 12 मिलियन टन एंडालुसाइट का भंडार

### देश का सबसे बड़ा भंडार!

### 26% तक ग्रेड आंका




**सोनभद्र :** झारखंड की सीमा से सटे सोनभद्र जिले में एल्युमिनियम सिलिकेट अयस्क (एंडालुसाइट) का बड़ा भंडार मिला है। भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) की रिपोर्ट 2024 के अनुसार, उत्तर प्रदेश और झारखंड की सीमा पर एंडालुसाइट के छह नए ब्लॉक चिन्हित किए गए हैं। कुल भंडार का 91 प्रतिशत यानी 114.25 मिलियन टन अनुमानित सोनभद्र में है। देश का सबसे बड़ा एंडालुसाइट का भंडार होने का भी अनुमान है। ब्राजील और श्रीलंका एंडालुसाइट के प्रमुख उत्पादक देशों में शामिल हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) की ओर से कोन-विंढमगंज क्षेत्र से जुड़े 48 वर्ग किलोमीटर इलाके में चार चरणों में किए गए सर्वेक्षण में उत्साहजनक परिणाम मिलने के बाद विस्तृत शोध, ड्रिलिंग और संभावित खनन को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय और बीएचयू के भू-वैज्ञानिकों की टीम कई बार जिले के खनिज भंडारों का सर्वे कर चुकी है। सर्वेक्षण में रेणुकूट वन प्रभाग स्थित जमतिहवा नाला की लगभग 180 करोड़ वर्ष पुरानी चट्टानों से लेकर रजखड़ और दुद्धी के उत्तर की पहाड़ियों तक एंडालुसाइट की परतें मिलने की संभावनाएं सामने आई हैं।

### छह फ्री होल्ड डिपॉजिट चिन्हित

वहीं, वर्ष 2012-13 से 2020-21 तक जीएसआई ने चार चरणों में झारखंड से सटे कोन-विंढमगंज क्षेत्र (सलईडीह-हरवरिया क्षेत्र) के लगभग 48 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का सर्वेक्षण किया था। भारतीय खान ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, 1 अप्रैल 2020 तक जीएसआई की ओर से किए गए सर्वेक्षण के आधार पर उत्तर प्रदेश और झारखंड में एंडालुसाइट के छह फ्री होल्ड डिपॉजिट (ब्लॉक) चिन्हित किए गए।

### एंडालुसाइट का औसत ग्रेड 24 से 26 प्रतिशत आंका

इनमें सोनभद्र के सलईडीह-हरवरिया, फुलवार समेत पांच ब्लॉक शामिल हैं, जहां 114.25 मिलियन टन (91 प्रतिशत) भंडार होने का अनुमान है। झारखंड के गढ़वा जिले के नगर-उंटारी क्षेत्र में 11.8 मिलियन टन (9 प्रतिशत) भंडार मिला है। एंडालुसाइट का औसत ग्रेड 24 से 26 प्रतिशत आंका गया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और रायपुर, ओडिशा के मलकानगिरी, राजस्थान के झुंझुनू, नागौर और टोंक तथा उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले में भी एंडालुसाइट के संकेत मिले हैं।

### सिलिमेनाइट के भी बड़ा भंडार होने के हैं संकेत

सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, सोनभद्र जिले की दक्षिणी सीमा पर छत्तीसगढ़ से सटे बभनी-बीजपुर क्षेत्र में सिलिमेनाइट (एल्युमिनो सिलिकेट खनिज) चट्टानों में बिखरे हुए क्रिस्टल के रूप में पाया गया है। यह पूरा क्षेत्र 600 मीटर से अधिक चौड़ा है और पूर्व में आसनडीह से पश्चिम में बाजिया तक छह किलोमीटर से अधिक दूरी में फैला है।

इस बेल्ट के मध्य भाग में छिपिया गांव के पास 200 मीटर चौड़े क्षेत्र में सिलिमेनाइट के बड़े क्रिस्टल मिलने के संकेत हैं। रिपोर्ट में यह भी संभावना जताई गई है कि इस बेल्ट के भीतर 10 से 25 मीटर चौड़े ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें 16 से 32 प्रतिशत (औसतन 25 प्रतिशत) सिलिमेनाइट मौजूद है। इसका कुल अनुमानित भंडार 10 मिलियन टन बताया गया है।

> सोनभद्र में एंडालुसाइट का बड़ा भंडार है। व्यावसायिक दृष्टि से इसकी काफी उपयोगिता है। विस्तृत सर्वेक्षण और खनन शुरू होने पर जिले में बड़े औद्योगिक निवेश और रोजगार की संभावनाएं विकसित हो सकती हैं।
>
> प्रो. विभूति राय, भू-विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

> खनिज सर्वेक्षण का कार्य जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया करता है। खनिज सर्वेक्षण और खनन से जुड़ी अन्य प्रक्रियाएं मुख्यालय स्तर से संचालित होती हैं। फिलहाल इस संबंध में जिला स्तर पर जानकारी उपलब्ध नहीं है।
>
> कमल कश्यप, वरिष्ठ खान अधिकारी, सोनभद्र।

### उद्योगों में होता है एंडालुसाइट का उपयोग

एंडालुसाइट खनिज का उपयोग रत्न के रूप में भी किया जाता है। औद्योगिक क्षेत्र में इसका प्रमुख उपयोग इस्पात, सीमेंट और कांच उद्योगों में उच्च तापमान वाली भट्टियों की लाइनिंग के लिए अग्निरोधी ईंटें और ब्लॉक बनाने में होता है। यह अत्यधिक तापमान और रासायनिक दबाव को बिना पिघले सहन कर सकता है।

ऑटोमोबाइल स्पार्क प्लग, उच्च गुणवत्ता वाले सिरेमिक उत्पाद, धातु ढलाई के सांचे और कोर बनाने में भी इसका उपयोग किया जाता है। पारदर्शी और रंगीन एंडालुसाइट को तराश कर आकर्षक रत्न भी तैयार किए जाते हैं। सिलिमेनाइट का उपयोग इस्पात, कांच, सिरेमिक, इंसुलेटर, उच्च वोल्टेज स्पार्क प्लग, सीमेंट भट्ठियों और पेट्रोकेमिकल रिफाइनरियों में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

**कनफुंकवा के शिकार हुए अनंत प्रताप देव**

# विधायक जी जानत ही... आज उन्हका देखली...



नीलू चौबे

**राजनीति** में विरोधियों से लड़ाई जितनी कठिन होती है, उससे कहीं अधिक खतरनाक लड़ाई अपने आसपास मौजूद उन लोगों से होती है, जो वफादारी का मुखौटा पहनाकर धीरे-धीरे भरोसे की नींव कमजोर कर देते हैं। ऐसे लोग सामने कम और कानों में ज्यादा बोलते हैं। लोकतंत्र में इन्हें आम बोलचाल की भाषा में कनफुकवा कहा जाता है। जब किसी जनप्रतिनिधि के फैसले जनता, संगठन और पुराने सहयोगियों की बजाय ऐसे लोगों के प्रभाव में आने लगते हैं, तब लोकतंत्र पर एक समानांतर कनफुकवा तंत्र हावी हो जाता है।

**भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र**

भवनाथपुर की राजनीति में इसका प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहा है। यहां भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव भी इसके शिकार हो गये हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में जिस तिकड़ी ने विवेकपूर्ण सुनियोजित तरीके एवं सूझबूझ से अनंत प्रताप देव को सत्ता की दहलीज पर पहुंचाया, विरोधियों से दो-दो हाथ किया आज वह समीकरण पूरी तरह से बदल चुका है। चुनाव से पहले तिकड़ी की एकजुटता अनंत की सबसे बड़ी ताकत थी। लेकिन सत्ता मिलने के बाद हालात धीरे-धीरे बदलने लगे। उधर तिकड़ी में बिखराव की भनक लगते ही विरोधियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। विरोधी लगातार इसे हवा देने के साथ-साथ गेम ओवर करने में अपनी ऊर्जा खपत कर रहे हैं। क्षेत्र में जो चर्चा है उसके मुताबिक विधायक के इर्दगिर्द कनफुकवा तंत्र सक्रिय हो गया, जिसने अपने गोटी लाल करने के लिये तरह-तरह की चालें चलनी शुरू कर दीं। परिणाम यह हुआ कि विधायक बनने के महज डेढ़ वर्ष के भीतर ही कभी मजबूत मानी जाने वाली तिकड़ी बिखर गई और तीनों नेताओं की राहें अलग-अलग हो गई। इसके बाद कनफुकओं की चांदी हो गई और वैसे लोग अपना स्वार्थ सिद्धि करने लगे। चर्चा के मुताबिक कनफुकवा विधायक की छवि को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं और उनकी किरकिरी करा रहे हैं। अब सवाल उठ रहा है कि क्या विधायक समय रहते इस कनफुकवा तंत्र को पहचान पायेंगे? अगर शीघ्र ही विधायक इस तंत्र को नहीं पहचान पाये एवं अपने विवेक से निर्णय नहीं लिये तो आने वाले समय में कनफुकवा उनकी राजनीतिक राह को और कठिन बना देंगे। जिससे विधायक को राजनीतिक व सामाजिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।



## पल्स पोलियो अभियान में रांची में लक्ष्य से अधिक बच्चों को पिलाई गई दवा

**रांची।** जिले में 28 जून से 30 जून तक चले पल्स पोलियो अभियान में स्वास्थ्य विभाग ने लक्ष्य से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई है। मंगलवार को तीसरे दिन जारी अंतिम रिपोर्ट के अनुसार जिले ने 102.01 प्रतिशत कवरेज हासिल किया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पूरे जिले में 5,05,524 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके मुकाबले 5,15,694 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। इस तरह जिला तय लक्ष्य से आगे निकल गया। अभियान के दौरान रांची के शहरी क्षेत्र में सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा। यहां 2,07,381 बच्चों का लक्ष्य था, जबकि 2,21,104 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। यह 106.62 प्रतिशत कवरेज है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में 2,98,143 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य था। इसके मुकाबले 2,94,590 बच्चों तक टीम पहुंची। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 98.81 प्रतिशत कवरेज दर्ज किया गया। प्रखंड में सोनाहातू ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। यहां 104.63 प्रतिशत कवरेज दर्ज हुआ। नामकुम में 103.04 प्रतिशत और मांडर में 100.65 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इसके अलावा कांके, बुंडू, सिल्ली और अनगड़ा में भी लगभग 100 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। वहीं, रातू ब्लॉक में 91.11 प्रतिशत कवरेज दर्ज किया गया, जो जिले में सबसे कम रहा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष टीमों ने घर-घर जाकर और बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अभियान का उद्देश्य पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखना है। यह अंतिम रिपोर्ट जिला आरसीएच अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची की ओर से जारी की गई।

### न्यूज अपडेट्स

### एक से चार जुलाई तक तेज बारिश और आंधी की चेतावनी

**रांची।** झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इसे देखते हुए रांची स्थित भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में 01 जुलाई से 04 जुलाई तक तेज बारिश, तेज हवाओं और वज्रपात की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने इस अवधि के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों में इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही कई इलाकों में गरज के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए नागरिक विशेष सावधानी बरतें। विभाग के अनुसार, 02 जुलाई और 06 जुलाई को राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी तथा मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान पूरे राज्य में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है। विभाग ने किसानों, खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े होने, खुले मैदानों में रहने और बिजली के खंभों के पास जाने से बचने की सलाह दी गई है।

**राहत** तमिलनाडु गैस रिसाव हादसे के बाद सुरक्षित वापसी

# सभी 42 प्रवासी श्रमिक झारखंड के लिए रवाना

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम विभाग और राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष की ओर से तमिलनाडु गैस रिसाव हादसा में प्रभावित झारखंड के सभी 42 श्रमिकों की सुरक्षित झारखण्ड वापसी सुनिश्चित कर ली गई है। सभी श्रमिक ट्रेन से झारखंड के लिए रवाना हो चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में स्थित सेंट पीटर्स एंड पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स फैसिलिटी में 21 जून 2026 को हुई अमोनिया गैस रिसाव की दुःखद औद्योगिक दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने कड़े निर्देश जारी किए थे।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष को स्पष्ट आदेश दिया था कि प्रभावित झारखंड के सभी प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षित और सकुशल गृह वापसी के लिए तत्काल हर संभव कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करते हुए श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव और श्रमायुक्त के मार्गदर्शन में नियंत्रण कक्ष ने तिरुवल्लूर जिला प्रशासन, तमिलनाडु श्रम विभाग, रेलवे बोर्ड, दक्षिण रेलवे एवं अस्पताल प्रशासन के साथ 24 घंटे समन्वय स्थापित कर रेस्क्यू और राहत अभियान चलाया।

इस औद्योगिक हादसे में झारखण्ड के कुल 42 प्रवासी श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, जिन्होंने अपने गृह राज्य लौटने की इच्छा व्यक्त की। झारखंड सरकार के विशेष अनुरोध और सतत समन्वय के बाद, रेलवे प्रशासन की ओर से ट्रेन अलप्पुझाझधनबाद एक्सप्रेस में झारखंड के श्रमिकों के लिए एक विशेष स्लीपर कोच स्वीकृत किया गया। इसके बाद मंगलवार को सभी 42 श्रमिक चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से सकुशल झारखंड के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। यात्रा के दौरान इन श्रमिकों के लिए पैंट्री कार के माध्यम से भोजन-पानी और सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त रेलवे सुरक्षा बल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है।

### मृतका प्रीति देवी का पार्थिव शरीर हवाई मार्ग से लाया जा रहा रांची

इस हादसे में धनबाद निवासी श्रमिक प्रीति देवी का उपचार के दौरान चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल में दुःखद निधन हो गया था। झारखंड सरकार की पहल पर मृतका के परिजनों के तमिलनाडु आगमन, शव की पहचान, पोस्टमार्टम सहित अन्य वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण कराया गया। तमिलनाडु सरकार के सहयोग से मृतका का पार्थिव शरीर हवाई मार्ग से बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची पहुंचेगा। झारखण्ड सरकार की ओर से एयरपोर्ट पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से पार्थिव शरीर को सम्मान के साथ उनके गृह जिला धनबाद भेजा जाएगा।

## जमीन विवाद में गिरिडीह के सब रजिस्ट्रार की रामगढ़ में हुई हत्या

बंशीधर न्यूज

**रांची/रामगढ़।** गिरिडीह के सब रजिस्ट्रार बालेश्वर पटेल की रामगढ़ में हत्या कर दी गई है। मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत उनके पैतृक गांव रबोध में ही यह वारदात हुई। मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर उनका झगड़ा गांव के ही कुछ लोगों के साथ हुआ। इस दौरान मारपीट करने आए लगभग एक दर्जन महिला और पुरुष सभी ने मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया। इस दौरान उनके सिर पर ईंट से वार किया गया। इस घटना में सब रजिस्ट्रार बालेश्वर पटेल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उनके परिजनों और गांव वालों ने आनन-फानन में बालेश्वर पटेल को होप हॉस्पिटल में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सब



रजिस्ट्रार बालेश्वर पटेल ने अपने गांव में ही मई महीने में 11 डिसमिल जमीन खरीदी थी। यह जमीन उन्होंने महेश प्रसाद से रजिस्ट्री कराई थी। उस जमीन पर वह अपना घर बनाने के लिए बोरिंग करवा रहे थे। मंगलवार के सुबह जब वह उस जमीन पर सबमर्सिबल पंप लगाकर पाइप बिछा रहे थे। इसी दौरान उन पर जानलेवा हमला हुआ।

### दो अपराधी गिरफ्तार, अन्य के खिलाफ हो रही छापेमारी

घटना की सूचना पर पहुंचे मांडू थाना प्रभारी सदानंद ने कहा कि वारदात के बाद तत्काल कार्रवाई की गई है। इस मामले में फिलहाल दो लोगों को पकड़ा गया है। साथ ही जिन लोगों का भी नाम सामने आया है, उनके खिलाफ छापेमारी चल रही है। रजिस्टर बालेश्वर पटेल के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस मामले के किसी भी आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा।

### भाजपा ने राजधानी रांची समेत राज्य के 595 मंडलों में मनाया 'हुल दिवस'



**रांची।** हूल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड के ऐतिहासिक हूल क्रांति स्थल भोगनाडीह, राजधानी रांची के मोराबादी स्थित सिदो-कान्हू पार्क, प्रदेश कार्यालय सहित राज्य के सभी 595 मंडलों में हूल क्रांति के अमर शहीद महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा वीरांगनाओं फूलो-झानो को श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमाओं एवं चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को नमन किया। रांची के मोराबादी स्थित सिदो-कान्हू पार्क में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने महानायकों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनजातीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। वहीं, प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने हूल क्रांति के नायकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा भोगनाडीह सहित राज्य के सभी मंडलों में भी भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हूल क्रांति के शहीदों को स्मरण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि हूल दिवस जनजातीय समाज के संघर्ष, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 30 जून 1855 को भोगनाडीह की धरती से सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के नेतृत्व में हजारों संथालों ने ब्रिटिश शासन, शोषण और अन्याय के विरुद्ध हूल क्रांति का शंखनाद किया था। यह आंदोलन केवल अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ विद्रोह नहीं था, बल्कि जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा का व्यापक जनआंदोलन था, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा प्रदान की। आदित्य साहू ने कहा कि हूल क्रांति के महानायकों का शौर्य, त्याग और बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन के उपेक्षित नायकों को उचित सम्मान दिलाने का कार्य किया है, जबकि विपक्षी दलों ने उनके योगदान की उपेक्षा की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय प्रधान, मानकी और मुंडा जैसी पारंपरिक जनजातीय व्यवस्थाओं को जो अधिकार और सुविधाएं मिली थीं, वर्तमान राज्य सरकार उन्हें कमजोर करने का प्रयास कर रही है। भोगनाडीह में प्रशासन की व्यवस्था को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि आदिवासियों को अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए भी प्रशासनिक अनुमति और बॉन्ड भरने की आवश्यकता पड़ रही है, तो यह सरकार की तानाशाही मानसिकता को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भोगनाडीह को पुलिस छावनी में तब्दील कर 50 से अधिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है, जो आदिवासी समाज को भयभीत करने का प्रयास है। उन्होंने पिछले वर्ष हूल दिवस के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल का भी उल्लेख करते हुए कहा कि अत्यधिक अहंकार किसी भी सरकार के पतन का कारण बनता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनजातीय संस्कृति और विरासत को कमजोर करने का प्रयास कर रही है और कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड में एक और हूल क्रांति की आवश्यकता महसूस की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 1855 में संथाल परगना की वीरभूमि से ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ हूल आंदोलन का ऐतिहासिक बिगुल फूंका गया था। सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चांद मुर्मू, भैरव मुर्मू तथा वीरांगनाओं फूलो मुर्मू और झानो मुर्मू के नेतृत्व में संथाल समाज ने जल, जंगल, जमीन और अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए अभूतपूर्व संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए जनजागरण का प्रतीक बन गया और आज भी अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है।

### झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह पारदर्शी

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरी तरह सहभागी, पारदर्शी और विधिसम्मत प्रक्रिया है। इसके प्रत्येक चरण का अंकेक्षण किया जाता है तथा किसी भी स्तर पर आपत्ति या त्रुटि की स्थिति में अपील का भी प्रावधान है। रांची स्थित निर्वाचन सदन में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सबसे महत्वपूर्ण चरण इन्यूमरेशन फेज के शुभारंभ की जानकारी देते



हुए के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने बताया कि राज्यभर में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) की बैठकें आयोजित की गई हैं। साथ ही सभी मतदान केंद्रों के लिए बीएलओ को आंशिक रूप से भरे हुए इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। के. रवि कुमार ने बताया कि इन्यूमरेशन फेज के शुभारंभ के अवसर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया। दो दिवसीय सोशल मीडिया अभियान के पहले दिन मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के माध्यम से राज्यभर में मतदाताओं और भावी मतदाताओं को एसआईआर से संबंधित पोस्टर एवं वीडियो दिखाकर जानकारी दी गई। दूसरे दिन सभी जिलों के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल, मीडिया संस्थानों और डिजिटल क्रिएटर्स ने 'हैशटैग झारखंड एसआइआर' के माध्यम से इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया, जिसे सोशल मीडिया पर व्यापक प्रतिक्रिया मिली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को आंशिक रूप से भरा हुआ इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। मतदाताओं को उसमें आवश्यक विवरण सत्यापित कर शेष जानकारी भरकर संबंधित बीएलओ को जमा करनी होगी। उन्होंने कहा कि जो मतदाता राज्य से बाहर रह रहे हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से अपने बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म जमा कर सकते हैं। यदि कोई मतदाता घर पर उपलब्ध नहीं है, तो उसके पात्र परिजन भी उसकी ओर से फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं। के. रवि कुमार ने आगे बताया कि मतदाताओं के विवरण का सत्यापन दो स्तरों पर किया जाएगा। पहले चरण में बीएलओ सुपरवाइजर और दूसरे चरण में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) अथवा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) इसकी जांच करेंगे, ताकि पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुद्धता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है और गैर-भारतीय नागरिकों को इसमें भाग नहीं लेना चाहिए। जो भी पात्र भारतीय नागरिक निर्धारित अवधि में इन्यूमरेशन फॉर्म जमा करेंगे, उनका नाम 5 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची के प्रारूप में शामिल किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन्यूमरेशन फॉर्म भरते समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार का दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी मतदाता की पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मैपिंग नहीं हो सकी है, तो वह बीएलओ को आवश्यक जानकारी देकर अपनी मैपिंग सुनिश्चित करा सकता है। जन्मतिथि के आधार पर स्वयं अथवा माता-पिता में से किसी एक या दोनों के विवरण साझा कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

# भाजपा की एसआईआर रणनीति को झामुमो कार्यकर्ता बूथ स्तर पर करेंगे विफल : विनोद पांडेय



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झामुमो पलामू जिला की ओर से चंद्रा रेजिडेंसी परिसर में आयोजित बूथ सम्मेलन सह बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण शिविर में एसआईआर अभियान, मतदाता सूची के सत्यापन तथा बूथ कमेटियों के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और मतदाताओं के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। उस मौके पर विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा एक सोची-समझी रणनीति के तहत एसआईआर अभियान का इस्तेमाल कर मतदाता सूची को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। लेकिन झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर भाजपा की इस रणनीति को विफल करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित कराएं तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम हटने न दें। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य सान्नू सिद्दीकी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुशीला पांडेय, अविनाश देव, सन्नी शुक्ला, रंजन चंद्रवंशी, अभिषेक सिंह, जुगल किशोर चंद्रवंशी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने की।

## न्यूज अपडेट्स

### अवैध देशी कट्टा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** पांकी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान रंजीत कुमार रवि के रूप में हुई है। वह पांकी थाने के भरी गांव का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में पांकी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर तथा लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रशांत कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने की। छापेमारी दल में पांकी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक श्याम लाल यादव सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पत्रकार को मातृशोक

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर के वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र प्रजापति की माता पारो कुंवर (63) का निधन मंगलवार की देर शाम नगर मुख्यालय स्थित उनके आवास पर हो गई। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। उनका दाह संस्कार बुधवार को खूंटीसोत नदी तट पर किया जायेगा। इधर उनके असामयिक निधन पर कई लोगों ने दुख व शोक व्यक्त किया है। दुख व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला पार्षद विजय रविदास, संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले, भाजपा के मनीष कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता संजय बैठा, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना यादव आदि के नाम शामिल हैं।

## गढ़वा

### एसआईआर पर झामुमो का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर

# मतदाता सूची का शुद्ध होना आवश्यक : विनोद

### योग्य मतदाताओं का नाम सूची से नहीं हटे : मिथिलेश

### सशक्त बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला : अनंत

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झामुमो गढ़वा जिला समिति की ओर से मंगलवार को शहर के शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर टाउन हॉल में बूथ सशक्तिकरण सह बीएलए-टू का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हूल दिवस के शहीदों सिद्धों-कान्हो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर किया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान बूथ स्तर पर कार्यरत बीएलए-टू को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची के अद्यतन एवं योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। उस मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव व प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कार्यकर्ताओं व बीएलए-टू को संबोधित करते हुये कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें और यह सुनिश्चित करें की कोई भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाय। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में नहीं है या किसी प्रकार की त्रुटि है, तो समय रहते उसका सुधार एवं नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कराई जाय। श्री पांडेय ने कहा कि बीएलए-टू की जिम्मेदारी केवल संगठनात्मक नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की भी है। उन्होंने कार्यकताओं से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सभी बीएलए निष्ठा पूर्वक अपनी जिम्मेवारी का पालन करते हुये प्रत्येक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें जागरूक करें। साथ ही जिस किसी भी मतदाता का मतदाता सूची में नाम से संबंधित कोई त्रुटि हो तो ऐसी समस्याओं का त्वरित निष्पादन कराएं। ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटे। उन्होंने कहा कि बिहार, बंगाल एवं असम की तरह झारखंड में भी एसआईआर में अधिक संख्या में मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नहीं कटे इस उद्देश्य को लेकर आज पूरे राज्य में जिला स्तरीय बीएलए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि सशक्त बूथ ही मजबूत संगठन और स्वस्थ लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने सभी नेताओं ने कार्यकताओं से संगठन के निर्देशों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करते हुये विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। अंत में गढ़वा जिले के प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन करने व एक भी पात्र मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में झामुमो के जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी, बीएलए-टू, बूथ प्रभारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान शुरू, डीसी ने किया निरीक्षण

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पलामू जिले में मंगलवार से एसआईआर-2026 अभियान के तहत गणना (एन्यूमरेशन) चरण शुरू हो गया। इसके तहत 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे, उन्हें भरवाएंगे तथा भरे हुए प्रपत्रों का संग्रह करेंगे। अभियान के पहले दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने पलामू क्लब, कुंड मोहल्ला स्थित मदरसा अलहेदाया तथा मेदिनीनगर नगर निगम के पुराने भवन में संचालित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चुनाव पाठशालाओं में भाग लेकर बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और मतदाताओं से संवाद किया तथा विशेष पुनरीक्षण अभियान, नए मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया की जानकारी दी।

डीसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संचालित की जा रही है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक सहयोग करें और सही व पूर्ण जानकारी के साथ एन्यूमरेशन फॉर्म समय पर जमा करें, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ डॉ. असीम, उप निर्वाचन पदाधिकारी उदय रजक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डैम में नहाने के दौरान युवक की डूबने से मौत, गांव में शोक



**मेराल :** थाना क्षेत्र अंतर्गत संगवरिया पंचायत के भीमखाड़ गांव में मंगलवार की सुबह डैम में नहाने के दौरान डूब जाने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भीमखाड़ निवासी मेघनाथ सिंह के पुत्र ओमप्रकाश सिंह मंगलवार की सुबह गांव स्थित खैरवा डैम में नहाने गये थे। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चले गये और डूब गये। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। स्थानीय गोताखोरों ने काफी प्रयास के बाद गहरे पानी से ओमप्रकाश सिंह के शव को बाहर निकाला। उधर घटना की सूचना मिलने पर मेराल पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजन और ग्रामीण शव को लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिये सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक अपने पीछे पत्नी और एक पुत्र को छोड़ गये हैं। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

## वज्रपात की चपेट में आने से पांच भैंसों की मौत, पशुपालक को आर्थिक क्षति



**धुरकी :** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी पंचायत के कदवा गांव में मंगलवार को हुई तेज बारिश और वज्रपात ने एक पशुपालक को भारी नुकसान पहुंचा दिया। कदवा गांव निवासी बुधु यादव की 7 भैंस में 5 पांच भैंसों की वज्रपात की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। वहीं पीड़ित परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे मौसम अचानक बदल गया। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान बुधु यादव की भैंस झोपड़ी नुमा झाला के नीचे रखा था। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से पांचों भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि बुधु यादव का परिवार मुख्य रूप से पशुपालन पर निर्भर है। एक साथ पांच भैंसों की मौत से उन्हें लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। वहीं परिवार के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। घटना की सूचना जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को भी दी गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित पशुपालक को सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा उपलब्ध कराया जाय, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

## बीट पुलिसिंग के तहत थाना प्रभारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अंधविश्वास व डायन प्रथा के प्रति किया जागरूक



**विश्रामपुर :** थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने और आमजन के साथ पुलिस की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को बीट पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत नगर परिषद के वार्ड संख्या 16 का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से अपने आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को अंधविश्वास, डायन–बिसाही जैसी कुप्रथाओं के दुष्परिणामों से भी अवगत कराया।उन्होंने बताया कि किसी महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करना या सामाजिक रूप से बहिष्कृत करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अफवाहों और अंधविश्वास पर विश्वास नहीं करने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लेने की अपील की। कार्यक्रम में वार्ड के गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा भी मौजूद थे।

### सिक्का गांव पहुंची भाजपा टीम, पीड़ित परिवार को दी सहायता

# सरकार और प्रशासन पर उठाए सवाल

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पड़वा प्रखंड के सिक्का गांव में रहस्यमय बीमारी से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मंगलवार को भाजपा की एक टीम जिलाध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में गांव पहुंची और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। पार्टी नेताओं ने परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की तथा पूरे मामले में राज्य सरकार और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि मुख्यालय के निकट स्थित गांव में इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद पीड़ित परिवार को समय पर पर्याप्त सरकारी सहायता नहीं मिल सकी। उन्होंने कहा कि अब तक बीमारी के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हुआ है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार है। उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान प्रेम सिंह, नरेंद्र पांडेय, दुर्गा जौहरी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### क्या है मामला

रहस्यमयी बीमारी की चपेट में आने से कुलदीप मेहता, उनकी पुत्री बबिता और इंदु कुमारी की मौत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई थी। वहीं कुलदीप की बहू श्वेता कुमारी और पुत्र नकुल मेहता ने रिम्स, रांची में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिवार के अन्य सदस्य अभी भी इलाजरत हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिवार के एकमात्र स्वस्थ सदस्य अनुज मेहता, जो बेंगलुरु में मजदूरी करते हैं, घटना की सूचना मिलने पर गांव पहुंचे और अपने परिजनों का अंतिम संस्कार किया। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए परिवार को अपनी जमीन गिरवी रखकर 50 हजार रुपये की व्यवस्था करनी पड़ी।

# स्थायी लोक अदालत से मिलेगा त्वरित और सुलभ न्याय : राकेश रंजन



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर** नालसा के निर्देश एवं झालसा के तत्वावधान में डीएलएसए पलामू की ओर से मंगलवार को स्थायी लोक अदालत के प्रभावी संचालन को लेकर बहु-हितधारक (मल्टी स्टेकहोल्डर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीएलएसए अध्यक्ष सह पीडीजे श्रीराम शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यशाला में विभिन्न बैंकों के मैनेजर, एलडीएम, डीटीओ, विद्युत विभाग के एसई तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उस मौके पर डीएलएसए के सचिव राकेश रंजन ने कहा कि स्थायी लोक अदालत आम लोगों को सस्ता, त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी विभागों से अपील की कि वे जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को स्थायी लोक अदालत की उपयोगिता एवं अधिकारों की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालत में परिवहन, बिजली, पेयजल, दूरसंचार, बैंक एवं बीमा जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों का न्यायालय में मुकदमा दर्ज होने से पूर्व ही आपसी सुलह के आधार पर समाधान किया जा सकता है। इससे समय, धन और ऊर्जा की बचत होती है तथा आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिलता है।

## न्यूज अपडेट्स

### गुजरात से घर लौटने के दौरान युवक लापता

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार सिंह के लापता होने का मामला सामने आया है। उनकी पत्नी पूनम देवी ने चैनपुर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पुलिस से पति की जल्द तलाश करने की गुहार लगाई है। आवेदन में पूनम देवी ने बताया है कि उनके पति राजेश कुमार सिंह 20 जून की रात करीब 11 बजे गुजरात के गांधीधाम से गरबा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से सासाराम के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान रतलाम स्टेशन पहुंचने पर उनकी अंतिम बार मोबाइल पर बातचीत हुई थी। इसके बाद से उनका मोबाइल बंद है और उनसे किसी प्रकार का संपर्क नहीं हो सका है। पूनम देवी ने बताया कि परिजनों एवं रिश्तेदारों के स्तर पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन अब तक राजेश कुमार सिंह का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उन्होंने पुलिस से अपने पति की शीघ्र तलाश कर सकुशल बरामद करने की मांग की है। चैनपुर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस विभिन्न संभावित पहलुओं पर जांच करते हुए राजेश कुमार सिंह की तलाश में जुटी है।

### वज्रपात में युवक की मौत

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के कुंडलवा गांव में सोमवार शाम हुए वज्रपात की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान कुंडलवा निवासी राजू यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद मंगलवार को पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी मृतक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं।

## मेराल ▶ डीआईजी मेराल थाना का किया निरीक्षण

# पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग पर दिया जोर

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** डीआईजी किशोर कौशल ने मंगलवार को मेराल थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के सभी अभिलेखों, पंजियों, संचिकाओं एवं अपराध संबंधी रिकॉर्ड की गहन जांच की तथा पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

थाना परिसर पहुंचने पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डीआईजी को पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी विष्णुकांत के नेतृत्व में आयोजित किट परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने लंबित मामलों, कोर्ट नोटिस, वारंट, इश्तिहार, कुर्की-जब्ती सहित विभिन्न मामलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाय ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके। पत्रकारों से बातचीत में डीआईजी ने बताया की निरीक्षण के दौरान सभी प्रकार की पंजियों एवं संचिकाओं की जांच की गई है। साथ ही यह भी देखा गया की शिकायतकर्ताओं की शिकायतों पर किस प्रकार कार्रवाई की गई है। उन्होंने थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करें तथा उसकी जानकारी शिकायतकर्ता को भी समय पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुछ पुराने मामलों का निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया गया, जिसके लिये संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीआईजी ने थाना में रखे गये अस्त्र-शस्त्र, मालखाना तथा अन्य अभिलेखों के समुचित रखरखाव पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाय तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाय, ताकि मेराल थाना वास्तव में पब्लिक फ्रेंडली थाना बन सके। निरीक्षण के दौरान सार्जेंट मेजर संतोष कुमार, एसडीपीओ दिलु लोहार, इंस्पेक्टर संतोष कुमार, थाना प्रभारी विष्णुकांत, एसआई रवि कुमार, विनोद पासवान, अरविंद कुमार, ओपी पांडेय सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

## ग्रामीणों की सतर्कता से बची हिरण की जान

### कुत्तों के हमले से बचाकर वन विभाग को सौंपा

बंशीधर न्यूज



**हुसैनाबाद :** सरहु गांव में मंगलवार को ग्रामीणों की सतर्कता से एक हिरण की जान बच गई। जंगल से भटककर गांव पहुंचे हिरण पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए हिरण को सुरक्षित बचाया, उसे पानी पिलाया और इसकी सूचना पंचायत की मुखिया पूनम देवी को दी। मुखिया प्रतिनिधि सनोज राजवंशी उर्फ छोटू ने लठेया प्रभारी फॉरेस्टर पंकज कुमार को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों ने हिरण को उनके हवाले कर दिया। फॉरेस्टर पंकज कुमार ने बताया कि हिरण का चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यक उपचार कराया जा रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा। हिरण को सुरक्षित बचाने और वन विभाग को सौंपने में संतोष सिंह, देवेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, सुदेश पासवान, संतोष कुमार सिंह, विशाल सिंह, बन्टेश सिंह, अनुज सिंह, अजित रजवार, मुरारी सिंह, मनोज सिंह, पप्पू कुमार एवं सुरेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 5 अगस्त तक प्रारूप मतदाता सूची में शामिल होंगे सभी पात्र मतदाता, एसआईआर में सहयोग की अपील



**गढ़वा :** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति देने के लिये समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिये जिलेवासियों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 30 जून से 29 जुलाई तक सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान मतदाताओं की वर्ष 2003 की विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से मैपिंग की जायेगी। जिन मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो जायेगी, उन्हें सामान्यतः कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर एक प्रति अपने बीएलओ को दें और दूसरी प्रति पावती के रूप में अपने पास सुरक्षित रखें। फॉर्म जमा करने वाले सभी पात्र मतदाताओं का नाम 5 अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जायेगा। डीसी ने स्पष्ट किया कि फॉर्म भरते समय किसी प्रकार के दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं है। जिन मतदाताओं की अब तक मैपिंग नहीं हुई है, वे बीएलओ के घर आने पर अपना विवरण उपलब्ध कराकर मैपिंग अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 84.56 प्रतिशत तथा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 85.61 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूरा हो चुका है। वहीं अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, डुप्लिकेट एवं गैर-भारतीय श्रेणी के मतदाताओं का नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। गलत घोषणा पत्र देना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के तहत दंडनीय अपराध है। बैठक में बताया गया कि 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। जबकि 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां ली जाएंगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्टूबर 2026 को किया जायेगा। डीसी ने संविधान के अनुच्छेद-326 का उल्लेख करते हुये कहा कि एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित नहीं रहेगा और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं होगा। उन्होंने मीडिया के माध्यम से सभी मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिये विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की।

## पहले वेतन से कराया भंडारा, जरूरतमंदों की सेवा को बताया सबसे बड़ा धर्म




**गढ़वा :** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप साप्ताहिक भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था का यह सेवा अभियान लगातार 133वें सप्ताह भी जारी रहा। इस दौरान सैकड़ों जरूरतमंदों को पूड़ी, सब्जी, बूंदी, रसगुल्ला, आम, केला और कोल्ड ड्रिंक का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे के मुख्य अतिथि नव नियुक्त शिक्षक शिवदेव सिंह अपनी पत्नी प्रतिमा सिंह और बेटी काजल सिकरवार के साथ शामिल हुये। वहीं शिवम स्वराज ने अपना विशेष कार्य पूर्ण होने की खुशी में भंडारे का आयोजन कराया। मौके पर शिवदेव सिंह ने कहा कि इसी वर्ष उनकी नियुक्ति मध्य विद्यालय में शिक्षक के रूप में हुई है। उन्होंने अपनी पहली तनख्वाह का एक हिस्सा जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि लोगों की दुआओं से बढ़कर कोई संपत्ति नहीं होती और अपनी खुशियों को समाज के जरूरतमंद लोगों के साथ बांटना सबसे बड़ा उत्सव है। उन्होंने कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। प्रतिमा सिंह ने कहा कि संकट मोचन हनुमान उनके आराध्य हैं। मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी, शुभम केशरी, यश गुप्ता, अनिल कुशवाहा, पियुष गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंशु कास्यकार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## एसडीओ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

# बीएलओ को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण करने का दिया निर्देश

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक चलने वाले एन्यूमरेशन फेज के अंतर्गत मंगलवार को गर्ल्स हाईस्कूल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-टू (बुथ लेवल एजेंट) तथा चुनाव पाठशाला के सदस्यों ने भाग लिया। उधर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रौशन कुमार तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजकमल मिश्रा ने संयुक्त रूप से बैठक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने उपस्थित सभी बीएलओ (बुथ लेवल ऑफिसर) को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं के बीच एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण तत्काल प्रारंभ करें। साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे गये फॉर्म को समयबद्ध तरीके से बीएलओ एप के माध्यम से ऑनलाईन अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित अवधि के भीतर सुचारु रूप से पूरा हो सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-टू से भी अपील की कि वे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में संबंधित बीएलओ का हरसंभव सहयोग करें। एसडीओ ने कहा कि सभी के समन्वित प्रयास से मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जा सकेगा, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने सभी से अभियान में बढ़चढ़ कर सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ, बीएलए टू तथा मतदातागण उपस्थित थे।



## 'भाई तेरा स्टार है' का पहला पोस्टर आया सामने

अभिनेता राघव जुयाल की आगामी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। पोस्टर में राघव 'अजय सिंह' नाम के एक महत्वाकांक्षी युवक के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला रखता है। फिल्म का निर्देशन विवेक बी अग्रवाल ने किया है और इसकी कहानी एक साधारण युवक के हीरो बनने के सफर पर आधारित है। राघव जुयाल ने फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, बॉलीवुड, तैयार हो जाइए। एक नया हीरो आ रहा है। टीजर जल्द ही आने वाला है। लंदन की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में कॉमेडी और संगीत का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। पोस्टर के सामने आने के बाद दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म में राघव जुयाल के साथ निहारिका एनएम, संजय कपूर, निक्की वालिया, विवान भटेना और बरखा सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। राघव हाल के वर्षों में किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अभिनय से चर्चा बटोर चुके हैं। इसके अलावा वह जल्द ही द पैराडाइज में नानी के साथ भी दिखाई देंगे।

## संजय दत्त के बाहर होने पर बोले-अहमद खान



अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, फिल्म के प्रमोशनल सामग्री में नजर आए संजय दत्त फिल्म में दिखाई नहीं दिए, जिससे दर्शकों के मन में कई सवाल उठे। अब फिल्म के निर्देशक अहमद खान ने संजय दत्त के फिल्म से बाहर होने की असली वजह का खुलासा किया है। अहमद खान ने बताया कि संजय दत्त को फिल्म की कहानी बेहद पसंद आई थी और वह इसका हिस्सा बनना चाहते थे। लेकिन शूटिंग की तारीखों के दौरान उन्हें इलाज के लिए अमेरिका जाना पड़ा। ऐसे में उनकी मेडिकल यात्रा और फिल्म से जुड़े कई बड़े कलाकारों की व्यस्त तारीखों के बीच तालमेल बैठाना संभव नहीं हो पाया, जिसके कारण उन्हें फिल्म छोड़नी पड़ी। निर्देशक के अनुसार, संजय दत्त ने खुद सुनील शेट्टी को फोन कर अपने लिए लिखे गए किरदार को निभाने के लिए तैयार किया। इसके बाद जैकी श्रॉफ ने सुनील शेट्टी के लिए तय भूमिका निभाई। अहमद खान ने कहा कि संजय दत्त ने अपनी अनुपलब्धता का समाधान खुद निकाला, जिसके लिए पूरी टीम उनकी आभारी है। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ दिशा पाटनी, रवीना टंडन, अरशद वारसी और 20 से अधिक कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

## पश्चिम अफ्रीकी देश घाना में मूसलाधार बारिश से बाढ़ का कहर, 12 लोगों की मौत



# मोदी ने सेशेल्स को दिए भारतीय हस्तशिल्प से जुड़े विशेष उपहार

**नई दिल्ली।** भारत की समृद्ध हस्तशिल्प और हथकरघा परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के दौरान वहां के शीर्ष नेतृत्व को देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक कलाकृतियां और वस्त्र भेंट किए।



प्रधानमंत्री ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित मुरादाबादी पीतल का कछुआ भेंट किया। यह कछुआ, मेटल कास्टिंग, नक्काशी और फि निशिंग में इस इलाके की शानदार महारत को दिखाता है। इसकी बारीकी से बनाई गई खोल और चमकदार फि निश पीढ़ियों से चली आ रही कारीगरी को दशाती है। भारतीय दर्शन में कछुआ बुद्धिमत्ता, स्थिरता, धैर्य और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। यह उपहार सेशेल्स के लिए भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि वहां विश्व प्रसिद्ध एल्डाब्रा जायंट टॉर्टॉइज पाए जाते हैं। ये दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा जीने वाली कछुआ प्रजातियों में से एक है। इस तरह, मुरादाबादी पीतल का कछुआ भारत की कारीगरी की उत्कृष्टता का एक सोच-समझकर चुना गया प्रतीक है और सेशेल्स के लिए भी इसका खास महत्व है। यह दोनों देशों के बीच अटूट दोस्ती को दर्शाता है और ज्ञान तथा प्रकृति के साथ तालमेल जैसे साझा मूल्यों का जश्न मनाता है।

प्रथम महिला वेरोनिक हर्मिनी को मध्य प्रदेश का महेश्वरी सिल्क स्टोल तथा कर्नाटक की प्रसिद्ध बिदरीवेयर बॉक्स भेंट की गई। महेश्वरी सिल्क स्टोल अपने हल्के टेक्सचर, बेहतरीन ड्रेप और खास बुने हुए पैटर्न के लिए मशहूर है। मध्य प्रदेश के माहेश्वर से शुरू हुई यह बुनाई कला अपनी बेहतरीन कारीगरी और सिल्क व कॉटन धागों के शानदार मेल के लिए जानी जाती है। इस पर ज्यामितीय डिजाइन, धारीदार बॉर्डर और हल्के रंगों के संयोजन के अलावा पुष्प आकृतियां उकेरी गई हैं। यह माहेश्वरी बुनाई की कलाकारी और बारीकी को दर्शाता है।

वहीं, बिदरीवेयर बॉक्स भारत की मशहूर धातु-शिल्प परंपरा का एक शानदार उदाहरण है। यह अपनी खास बनावट के लिए जाना जाता है, जिसमें गहरे काले रंग की धातु की सतह पर चमकदार चांदी की नक्काशी का अंतर दिखाता है। कुशल कारीगरों द्वारा हाथ से बनाए गए इस बॉक्स पर बारीक ज्यामितीय और फूलों के डिजाइन बने हैं, जिनमें महीन चांदी के तार जड़े गए हैं। यह बेहतरीन बारीकी और कलाकारी को दशाते है।

### सिक्किम की ऑर्किड पेंटिंग का उपहार

उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिले को सिक्किम की ऑर्किड आर्ट पेंटिंग भेंट की गई। इस कलाकृति में भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर को ऑर्किड के फूलों के बीच दर्शाया गया है। ऑर्किड सेशेल्स का राष्ट्रीय पुष्प है और यह उपहार दोनों देशों की जैव विविधता संरक्षण के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### कांचीपुरम सिल्क फैब्रिक का उपहार

द्वितीय महिला लीना पिले को तमिलनाडु का कांचीवरम सिल्क फैब्रिक भेंट किया गया। जीआई टैग प्राप्त इस रेशमी वस्त्र पर सुनहरी जरी का महीन काम तथा लाल, हरे और सुनहरे रंग की आकर्षक बॉर्डर है। इसकी शानदार बुनाई, बारीक डिटेलिंग और रंगों का बेहतरीन तालमेल कांचीपुरम की खास कलात्मक परंपराओं को दिखाता है। मंदिर की बनावट, प्रकृति और पारंपरिक सजावटी आकृतियों से प्रेरित कांचीपुरम डिजाइनों में अक्सर मोर, फूल, पत्तियां और ज्यामितीय पैटर्न जैसे डिजाइन शामिल होते हैं, जिन्हें बहुत बारीकी से बुना जाता है।

### टोडा एम्ब्रॉयडरी वाली शॉल

सेशेल्स की नेशनल असेंबली के स्पीकर अजारेल एर्नेस्टा को तमिलनाडु की नीलगिरि पहाड़ियों में रहने वाले टोडा समुदाय द्वारा हस्तनिर्मित टोडा कढ़ाई वाला शॉल भेंट किया गया। सफेद सूती कपड़े पर लाल और काले रंग की ज्यामितीय कढ़ाई वाला यह शॉल भारत की आदिवासी विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल का प्रतीक है।

## लाहौर में ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से 14 बच्चों की मौत, कई घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में मंगलवार को एक निर्माणाधीन ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से कम से कम 14 स्कूली बच्चों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फैसल कमरान ने बताया कि हादसे के बाद राहत एवं बचाव दल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने का अभियान शुरू किया। आशंका है कि मलबे के नीचे अब भी कुछ बच्चे फंसे हो सकते हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, ट्यूशन सेंटर एक पुराने भवन में संचालित किया जा रहा था। भवन की निर्माणाधीन दूसरी मंजिल की छत अचानक ढह गई। अधिकारियों का मानना है कि घटिया निर्माण सामग्री और खराब गुणवत्ता इस हादसे का प्रमुख कारण हो सकती है। घटना के बाद पुलिस ने ट्यूशन सेंटर के मालिक और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृत बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही उन्होंने भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए भवन सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## राहुल गांधी वॉयस मिलान मामले की सुनवाई टली, अब एक जुलाई को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में राहुल गांधी के वॉयस मिलान मामले में मंगलवार को सुनवाई टल गई। समयाभाव के चलते यह कार्रवाई प्रभावित हुई। कोर्ट ने अब इस मामले में सुनवाई के लिए एक जुलाई की तारीख तय की है। वहीं, मानहानि के मूल मुकदमे में 06 जुलाई को सुनवाई होनी है। वादी पक्ष के अधिवक्ता विजय मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि समयाभाव के चलते यह कार्रवाई आज प्रभावित हुई। कोर्ट ने अब इस मामले में सुनवाई के लिए एक जुलाई की तारीख तय की है। यह मामला लगभग आठ वर्ष पुराना है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने एक प्रेस वार्ता में तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक बयान दिया था। इसी बयान से आहत होकर सुलतानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने दीवानी न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। राहुल गांधी ने इस मामले में 20 फरवरी 2024 को अपनी जमानत करवा ली थी और 26 जुलाई 2024 को अपना बयान भी दर्ज करवा चुके हैं। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष के अधिवक्ता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान की जमा की गई सीडी की आवाज और उनकी वास्तविक आवाज का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान करवाने का अनुरोध किया था। निचली अदालत ने इस अनुरोध को खारिज कर दिया था। इसके बाद विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने एडीजे-5 की कोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल की थी। इसी मामले में आज एडीजे-5 की कोर्ट में बहस होनी थी, लेकिन समय की कमी के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब इस पर कल यानी 1 जुलाई को सुनवाई होगी। मानहानि के मूल मुकदमे की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में 6 जुलाई को निर्धारित की गई है।

## ट्विशा शर्मा मामले में आरोपित गिरिबाला व समर्थ की रिमांड 14 जुलाई तक बढ़ी

भोपाल। मध्य प्रदेश की चर्चित अभिनेत्री एवं मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में आरोपित सास सेवानिवृत्त जज गिरिबाला सिंह और पति एडवोकेट सार्थक सिंह की न्यायिक हिरासत 14 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। सीबीआई ने डिजिटल साक्ष्य जुटाने के लिए अदालत से आरोपितों के वॉइस सैंपल लेने और जब्त लैपटॉप का पासवर्ड दिलाने की अनुमति मांगी है। राजधानी भोपाल की अदालत में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई पेशी के दौरान सीबीआई ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण आवेदन अदालत के समक्ष रखे। ट्विशा पक्ष के वकील शुभांग दीक्षित ने बताया कि जांच एजेंसी समर्थ का लैपटॉप पहले ही जब्त कर चुकी है, लेकिन वह पासवर्ड प्रोटेक्टेड होने के कारण लॉक्ड है।

### एशियाई खेल 2026 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

# हरमनप्रीत कौर को मिली कप्तानी, स्मृति मंधाना होंगी उपकप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने सितंबर 2026 में जापान के ऐची-नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत कौर को सौंपी गई है, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी।

भारतीय महिला टीम इस टूर्नामेंट में गत चैंपियन के रूप में उतरेगी। भारत ने 2023 में चीन के हांगझोऊ में आयोजित एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। अब टीम उस सफलता




को दोहराने के इरादे से जापान जाएगी। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा प्रतिभाओं को भी मौका दिया गया है। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, विकेटकीपर ऋचा घोष और जी. कमलिनी टीम का हिस्सा हैं। वहीं गेंदबाजी विभाग में रेणुका ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, राधा यादव, श्री चरणी, क्रांति गौड़ और नंदिनी शर्मा को शामिल किया गया है।

हालांकि, ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल का चयन उनकी फिटनेस क्लियरेंस के अधीन रखा गया है।

### 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल* (फिटनेस क्लियरेंस के अधीन), राधा यादव, नंदिनी शर्मा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री वंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)